## प्रैस विज्ञप्ति

## 30.09.2025- अखिल भारतीय

## भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा आरबीएल बैंक लि. के साथ बैंकएश्योरेंस में पार्टनरशिप




देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने भारत की निजी क्षेत्र की अग्रणी बैंकों में से एक आरबीएल बैंक लि. के साथ बैंकएश्योरेंस पार्टनरशिप में प्रवेश किया है। इस रणनीतिक सहयोग से आरबीएल बैंक के ग्राहक, बैंक के व्यापक शाखा नेटवर्क तथा डिजिटल चैनलों के माध्यम से एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रेणी तक आसानी से पहुंच सकेंगे ।

औपचारिक टाई-अप की घोषणा श्री आर. दुरैस्वामि, सीईओ एवं एमडी, भारतीय जीवन बीमा निगम तथा श्री आर.सुब्रमणियकुमार,एमडी एवं सीईओ,आरबीएल बैंक लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं आरबीएल बैंक लि. के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। यह साझेदारी भारत भर में वित्तीय सुरक्षा का विस्तार करने और बीमा पहुंच को मजबूत करने के लिए दोनों संस्थानों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इस सहयोग के माध्यम से आरबीएल बैंक के ग्राहक एलआईसी के विविधतापूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो का लाभ उठा सकते हैं, जो सावधि योजनाओं, एंडोमेंट योजनाओं, पेन्शन तथा यूनिट संबध्द बीमा योजनाओं को समाहित करता है।

एलआईसी के 3600 से अधिक शाखाओं तथा सैटेलाईट कार्यालयों और आरबीएल बैंक की लगभग 570 शाखाओं तथा 1474 बिजिनेस करोस्पौंडेंट शाखाओं (जिनमें से 297 बैंकिंग आउटलेट्स हैं) के व्यापक नेटवर्क की संयुक्त शक्ति के माध्यम से देशभर में जीवन बीमा का विस्तार सुगम होगा और '2047 तक सभी के लिए बीमा' इस स्वप्न की दिशा में आगे बढेंगे।

इस सहयोग से दोनों संस्थाएं संपूर्ण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा सर्वोत्कृष्ट बीमा समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबध्दता को मजबूत बनाती हैं ।

दिनांक: 30 सितम्बर, 2025

स्थान:मुंबई

अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण), भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से ed_cc@licindia.comपर संपर्क करें। हमें www.licindia.inपर विजिट करें ।

---